1

__/__/__

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigah
Date- 03.02.2025 Class - VI
Subject- Hindi Literature page- 1
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

सुप्रभात प्यारे बच्चो !
पाठ - 16 - 'पशुओं में बोलने की शक्ति'

पाठ बोध
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -
संक्षेप में

(क) डॉन जर्मनी में रहने वाला एक कुत्ता था। इसलिए वह जर्मन भाषा में बातें करता था।

(ख) डॉ ब्रूसलर और कई विद्वानों ने डॉन की परीक्षा ली। उस परीक्षा में डॉन ने उन सभी से उसी तरह बात की जैसे वह अपने मालिक से करता था। परीक्षकों ने उस सारे वार्तालाप को फोनोग्राफ़ में भर लिया और अनेक प्राणीशास्त्र - वेत्ताओं के पास उसके रेकार्ड भेजे। जिन लोगों ने उन रेकार्डों को सुना, उनका कहना था कि 'डॉन और मनुष्य की बोली में कुछ अंतर नहीं।'

(ग) अध्यापक वेल के पास पीटर नाम का एक बंदर था। वह अंग्रेजी वर्णमाला साफ़ - साफ़ लिख सकता था।

विस्तार से

(क) डॉन जर्मनी में रहने वाला एक अद्भुत कुत्ता था। जो विशेष शिक्षा पाए बिना ही मनुष्यों की तरह कुछ शब्दों द्वारा बातचीत कर सकता था। उसकी भाषा केवल तोता-रटंत नहीं किंतु स्वाभाविक मानसिक विकास का फल थी। उसने बाल्यावस्था में ही अपनी असाधारण बुद्धि का परिचय दे दिया था। वह जर्मन भाषा में बात करता

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date – 03.02.2025 Class – VI
Subject – Hindi Literature page – 2
Subject Teacher – Ms. Roma Rani

था। वह 9 शब्दों को ठीक-ठाक और बहुधा प्रयोग करता था।

(ख) वेल साहब के कुत्ते और डॉन में यह अंतर था कि वेल साहब ने अपने कुत्ते को परिश्रम करके अंग्रेजी के शब्द जैसे :- मामा, ग्रैंड मामा और हाउ आर यू गैंडु मामा सिखाए थे। परन्तु डॉन एक ऐसा कुत्ता था जो विशेष शिक्षा पाए बिना ही मनुष्यों की तरह कुछ शब्दों द्वारा बातचीत कर सकता था।
उन दोनों की एक जैसी बात यह थी कि दोनों ने ही अपनी तीव्र बुद्धि द्वारा और शिक्षण द्वारा यह सिद्ध कर दिया कि पशुओं में भी मनुष्यों की भाँति बोलने की शक्ति होती है।

(ग) डॉन बड़े ही स्वाधीन स्वभाव का कुत्ता था। वह प्रतिदिन सवेरे बाहर टहलने जाता था, और जहाँ चाहता है, वहाँ घूमता है। कभी-कभी वह अपने मालिक के मित्रों के घर पर भी उनसे मिलने जाता था। वह वहाँ आदमियों की तरह दरवाज़े का बेड़का हटाता है और फिर किवाड़ खोलकर बेधड़क अंदर चला जाता है। वह केवल तभी बोलता है जब उसका जी चाहता है। अस्वस्थ होने पर वह चुपचाप पड़ा रहता है। इन सभी बातों से पता चलता है कि डॉन बड़ा ही स्वाधीन स्वभाव का कुत्ता है।

धन्यवाद!

Last page.

Scanned with CamScanner